दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# असली आज़ादी

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik aslizadidainikofficial

■ वर्षः 21, अंकः 320 ■ दमण, गुरुवार 10, सितंबर 2026 ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

### दमण प्रशासन ने ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित किया थार/फॉर्च्यूनर संकल्प यात्रा

# दमण प्रशासन ने थार/फॉर्च्यूनर मालिकों को भाईगिरी/दादागिरी दिखाने नहीं बल्कि जिम्मेदारी निभाने की दिलाई शपथ








**■ थार/फॉर्च्यूनर में अवैध तरीके से लगाये गये टिंडेड ग्लास, टायर मॉडिफिकेशन, डीजे और साउंड सिस्टम में बदलाव जैसे चीजों को हटाने के दिए गये निर्देश ■ दमण जिला प्रशासन ने वाहन मालिकों को जिम्मेदारीपूर्वक ड्राइविंग करने के लिए किया प्रेरित ■ #थार का मतलब जिम्मेदारी हैशटैग मुहिम का भी किया ऐलान**

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 09 सितंबर।

संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव प्रशासक प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में दमण प्रशासन द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में थार/फॉर्च्यूनर मालिकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम थार/फॉर्च्यूनर संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत दमण में पंजीकृत थार/फॉर्च्यूनर के वाहन मालिकों को अपने वाहनों के साथ कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन ने वाहनों में किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के अवैध और नियमों के विरुद्ध मॉडिफिकेशन को लेकर वाहन मालिकों को जागरूक किया। इसमें मुख्य रूप से विंडशील्ड और शीशों पर टिंटेड ग्लास लगाना, टायरों में अनधिकृत बदलाव करना तथा डीजे और साउंड सिस्टम में नियमों के विरुद्ध मॉडिफिकेशन जैसे मामलों पर विशेष ध्यान दिया गया और उसे हटाने के निर्देश भी दिये गये। इस अवसर पर दमण जिला कलेक्टर ने थार/फॉर्च्यूनर के मालिकों को इशारों-इशारों में चेतावनी के साथ सुझाव भी दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि जब भी सड़क से थार/फॉर्च्यूनर गुजरे तो सड़क पर चलने वाले अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। उन्होंने कहा कि थार को लेकर जो बदनामी फैली है, उसे दूर करने के लिए हमें #थार का मतलब जिम्मेदारी हैशटैग मुहिम चलानी है। हमें इस हैशटैग में आनंद महिन्द्रा जी को टैग करना है, ताकि उन्हें पता चले कि हम किस प्रकार से अभियान चला रहे हैं। जिससे वे भी प्रेरित होकर इसका प्रचार-प्रसार करें। इस संबंध में दमण के उप जिला कलेक्टर प्रियांशु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे सभी वाहन मालिकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों में किए गए नियमों के विरुद्ध बदलावों को जल्द से जल्द हटा दें और वाहनों को निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित करें। प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट संदेश दिया गया कि वाहनों के माध्यम से किसी भी प्रकार की भाईगिरी या माफियागिरी का प्रदर्शन न करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी और उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को पहले जागरूक कर सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति प्रेरित करना है। दमण प्रशासन ने सभी वाहन मालिकों से अपील की है कि वे बड़ी गाड़ियों को पूरी जिम्मेदारी और सावधानी के साथ चलाएं। वाहन चालक स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ दमण आने वाले पर्यटकों और आम नागरिकों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखें। इस दौरान वाहन मालिकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। दमण एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी वाहन चालकों की जिम्मेदारी है। इस अभियान और कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन ने लोगों से जिम्मेदार ड्राइविंग करने तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित और अनुशासित दमण बनाने में सहयोग देने की अपील की है। इस अवसर पर दमण एसपी केतन बंसल, एसडीपीओ आदर्श पटेल, ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी आशीष मोहन, आरटीओ इंस्पेक्टर अभिनव पटेल सहित थार/फॉर्च्यूनर के मालिक उपस्थित रहें।

## दमण-दीव सांसद उमेश पटेल को लोकसभा की अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति का नियुक्त किया गया सदस्य

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 09 सितंबर। दमण-दीव के लोकसभा सांसद उमेश पटेल को वर्ष 2026-27 के लिए लोकसभा की अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा 09 सितम्बर 2026 को जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, वर्ष 2026-27 के लिए गठित समिति को 08 सितम्बर 2026 के संसदीय समाचार भाग-II के माध्यम से अधिसूचित किया गया है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा सांसद गणेश सिंह को समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण संसदीय जिम्मेदारी मिलने पर सांसद उमेश पटेल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, लोकसभा सचिवालय एवं संबंधित विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। उमेश पटेल ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए केवल एक संसदीय समिति की सदस्यता नहीं, बल्कि देश के अन्य पिछड़े वर्गों से जुड़े विषयों को और प्रभावी ढंग से उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज की शिक्षा, रोजगार, आरक्षण, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं का लाभ तथा संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को समिति के समक्ष पूरी गंभीरता से रखने का प्रयास किया जाएगा। सांसद उमेश पटेल ने कहा कि देश के पिछड़े वर्गों को सामाजिक न्याय और विकास की मुख्यधारा में समान अवसर मिले, यह हमारी प्राथमिकता है। समिति के सदस्य के रूप



में मुझे जो दायित्व मिला है, उसका पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करूंगा। दमण एवं दीव सहित देशभर के ओबीसी समाज की समस्याओं और अपेक्षाओं को उचित मंच पर मजबूती से रखने का प्रयास रहेगा। उन्होंने इस दायित्व को जनता की सेवा का एक और अवसर बताते हुए कहा कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और समाज के अंतिम व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## WCEF 2026 प्री-इवेंट में संघ प्रदेश थ्रीडी प्रदूषण नियंत्रण समिति ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से सर्कुलर इकोनॉमी को दिया बढ़ावा





असली आजादी न्यूज नेटवर्क , दमण 09 सितंबर। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा अपने ज्ञान सहयोगी AnanTTattva प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फॉरम 2026 के प्री-इवेंट के अंतर्गत डिकोडिंग द न्यू ईपीआर कम्प्लायंस-फॉर रिसाइक्लिंग एंड रीयूज़ कंटेंट इन प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट टू फुलफिल द सर्कुलर इकोनॉमी विषय पर एक संवादात्मक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में उद्योग प्रतिनिधियों सहित विभिन्न संबंधित क्षेत्रों के 250 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया। सत्र में पारंपरिक टेक-मेक-डिस्पोज व्यवस्था से सर्कुलर इकोनॉमी की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। इसमें संसाधनों के बेहतर उपयोग, अपशिष्ट में कमी, रीयूज, रिसाइक्लिग और सस्टेनेबल बिजनेस प्रैक्टिसेज पर जोर दिया गया। AnanTTattva टीम द्वारा ईपीआर कम्प्लायंस और पूरी वैल्यू चेन में विभिन्न हितधारकों की जिम्मेदारियों, रिसाइकिल्ड कंटेंट से जुड़ी आवश्यकताओं, ईपीआर-ईटीपी पोर्टल, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2026, एंड-ऑफ-लाइफ मैनेजमेंट तथा अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन और आय के स्त्रोत में बदलने के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। टीम ने व्यावसायिक गतिविधियों में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलैरिटी को शामिल करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। अपने उद्घाटन संबोधन में बी. मोहनदास सदस्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण समिति ने रीयूज, रिसाइक्लिग और अपशिष्ट में कमी लाने में ईपीआर की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने पर्यावरणीय अनुपालन सुनिश्चित करने और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा देने के लिए पीसीसी द्वारा उद्योगों के साथ मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता दोहराई। अरविंद कुमार, रीजनल डायरेक्टर, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड - वेस्ट जोन ने सतत विकास के लिए सर्कुलर इकोनॉमी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में प्लास्टिक क्षेत्र से जुड़े बड़े एमएसएमई और औद्योगिक आधार को देखते हुए सर्कुलर इकोनॉमी की आवश्यकता पर जोर दिया। वेबिनार संवादात्मक एवं समाधान-केंद्रित रहा। हितधारकों ने ईपीआर, रिसाइक्लिग, रीयूज़ और रेगुलेटरी कम्प्लायंस से जुड़े कई व्यावहारिक प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने इन प्रश्नों का समाधान करते हुए प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी, मार्गदर्शन और व्यावहारिक समाधान प्रदान किए। इस पहल के माध्यम से WCEF 2026 की सोच के अनुरूप संसाधनों के बेहतर उपयोग, सतत विकास और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए संघ प्रदेश थ्रीडी प्रदूषण नियंत्रण समिति की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया गया।

## स्टेप अप फाउंडेशन अध्यक्ष अनिल टंडेल ने समाज कल्याण सचिव को पत्र सौंपकर वरिष्ठ नागरिक कार्ड सेवा बहाल करने की उठाई मांग



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण, 9 सितंबर। दमण में पात्र वृद्धजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सामाजिक संस्था स्टेप अप फाउंडेशन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। स्टेप अप फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टंडेल ने समाज कल्याण विभाग के सचिव को एक औपचारिक पत्र सौंपकर वरिष्ठ नागरिक (सिनीयर सिटीजन) कार्ड बनाने की प्रक्रिया को फिर से शुरू करने की मांग की है। अनिल टंडेल ने पत्र में लिखा है कि दमण में पिछले कई वर्षों से वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनाने का काम बंद पड़ा है। कार्ड न होने के कारण क्षेत्र के बड़ी संख्या में बुजुर्गों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, रियायतों और सुविधाओं का लाभ उठाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वे अपनी पात्रता साबित करने के लिए अनावश्यक परेशानियों से जूझ रहे हैं। साथ ही फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल टंडेल ने मांग की है कि संस्था ने योग्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्ड जारी करने का काम जल्द से जल्द दोबारा शुरू किया जाए। साथ ही आवेदन और कार्ड वितरण की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया जाए और बुजुर्गों को भटकना न पड़े, इसके लिए समाज कल्याण विभाग, नगरपालिका, पंचायत कार्यालयों या अन्य सरकारी केंद्रों के माध्यम से इस सेवा को सुलभ कराया जाए। संस्था ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन बुजुर्गों के सम्मान और अधिकारों को ध्यान में रखते हुए इस पर जल्द ही सकारात्मक कदम उठाएगा।

## राजभाषा विभाग सिलवासा ने पुलिस मुख्यालय पर हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 09 सितंबर। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव प्रशासन के राजभाषा विभाग सिलवासा द्वारा पुलिस विभाग, भारतीय रिजर्व बटालियन तथा वन विभाग के कर्मियों हेतु हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस मुख्यालय के सभागृह पर किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में राजभाषा विभाग की डॉ. अनिता कुमार ने अपने स्वागत अभिभाषण में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए हिन्दी पखवाड़ा के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए सभी को प्रेरित किया। राजभाषा हिन्दी का महत्व बताते हुए हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हिन्दी प्रतियोगिताओं की जानकारी दी । इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सचिन यादव और विशेष अतिथि उप-प्रभागीय पुलिस अधिकारी संदीप रूपेला और नवीन रोहित, डीवाईएसपी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उप मंडलीय पुलिस अधिकारी संदीप रूपेला ने अपने संबोधन में राजभाषा हिन्दी का महत्व बताते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामानाएं दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सचिन यादव ने अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में सभी प्रतियोगियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकारी काम-काज में हमें राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करने की आवश्यकता है। हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने तथा दैनिक शासकीय कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने में इस प्रकार की प्रतियोगिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजभाषा विभाग की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग प्रतिवर्ष हिन्दी के प्रचार व प्रसार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत और तत्पर है। इनके प्रयासों से इस प्रशासन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिन्दी के प्रयोग के प्रति प्रोत्साहन मिला है, जो एक प्रशंसीय कार्य है। हिन्दी श्रुतलेखन प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साह और एकाग्रता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से शुद्ध हिन्दी लेखन, भाषा के प्रति जागरूकता तथा राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस प्रतियोगिता में पुलिस विभाग, भारतीय रिजर्व बटालियन तथा वन विभाग के कर्मियों ने बड़ी संख्या भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बानाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दमण फायर विभाग ने फादर एगनेलो स्कूल में किया फायर सेफ्टी जागरूकता कार्यक्रम



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 09 सितंबर। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दमण द्वारा आग जैसी आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने तथा सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से फायर सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आग लगने की स्थिति में कैसे तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया दी जाए, इस बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आग बुझाने के विभिन्न उपकरणों के उपयोग, सुरक्षित तरीके से स्थान खाली करने की प्रक्रिया, तथा प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रायोगिक अभ्यास के माध्यम से अग्नि सुरक्षा कौशल का अनुभव भी प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्था/विभाग के कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपातकालीन स्थिति में नुकसान को कम से कम करना सुनिश्चित करना था। इस कार्यक्रम में सभी संबंधित विद्यार्थी, स्टाफ और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज सिलवासा एवं सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जेम्स ऑफ इंडिया जागरूकता बैठक आयोजित






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 09 सितंबर। युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें अपनी रचनात्मक क्षमता एवं हुनर को राष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शित करने के उद्देश्य से डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज सिलवासा एवं सरकारी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए जेम्स ऑफ इंडिया अभियान के संबंध में जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विद्यार्थियों को जेम्स ऑफ इंडिया पहल के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि यह अभियान युवाओं को अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और विशिष्ट हुनर को सामने लाने का अवसर प्रदान करता है। इस पहल के माध्यम से युवा अपनी प्रतिभा को विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शित कर जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं एवं पुरस्कारों में भाग ले सकते हैं। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनसे अपनी रचनात्मक सोच, कौशल एवं छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने का आह्वान किया गया। विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया कि वे दादरा एवं नगर हवेली की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, प्राकृतिक सौंदर्य, जनजातीय विरासत, स्थानीय प्रतिभाओं एवं यहां की अनूठी विशेषताओं से जुड़े हिडन जेम्स को अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के सामने लाएं। बैठक में उपस्थित विद्यार्थियों ने अभियान के प्रति उत्साह एवं रुचि व्यक्त की तथा अधिक से अधिक संख्या में इसमें भाग लेने की इच्छा जताई।

## दमण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गणेशजी की छोटी मूर्तियों का विसर्जन स्थानीय तालाबों या पानी के ड्रमों में करने की प्रशासन ने दी सलाह

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण, 9 सितंबर। दमण जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय द्वारा गणेश चतुर्थी पर्व और मूर्ति विसर्जन को लेकर एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। इस आदेश के तहत दमण जिले के ग्रामीण और ग्राम पंचायत क्षेत्रों के निवासियों से अपील की गई है कि वे गणेशजी की छोटी मूर्तियों का विसर्जन समुद्र किनारे ले जाने के बजाय अपने ही इलाके के आसपास के तालाबों या पानी के ड्रमों में करें। यह निर्णय केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के दिशा-निर्देशों के अनुपालन और कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मोटी दमण कार्यालय द्वारा 7 सितंबर को जारी आदेश के अनुसरण में लिया गया है। गौरतलब है कि स्थानीय स्तर पर विसर्जन करने का मुख्य उद्देश्य भीड़ नियंत्रणः निर्धारित मुख्य विसर्जन स्थलों पर होने वाली अत्यधिक भीड़ को कम करना तथा सुरक्षा और व्यवस्थाः पंचायत क्षेत्रों में गणेश मूर्ति विसर्जन को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना तथा पर्यावरण संरक्षणः विसर्जन की प्रक्रिया को पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल तरीके से संपन्न कराना है।


### दि दमण एवं दीव राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड

### THE DAMAN & DIU STATE CO-OPERATIVE BANK LTD.

(RBI LICENSE No. Dos. RO (AH). REG/LIC.S-2187/04.36.000/2023-24 dtd.07-March-2024)

**ADMINISTRATION DEPARTMENT**

Head Office: H.No.14/54, 1st Floor, Dilip Nagar, Nani Daman-396210

Ph.No.: 0260 2255984, 2255985 Email: adm@ddscbl.bank.in

DDSCB/ADM/AGM/2026-27/752 Date: 09.09.2026

**NOTICE**

**ELEVENTH ANNUAL GENERAL BODY MEETING**

Notice is hereby given to all members of the Bank that the Eleventh Annual General Body Meeting of the Daman & Diu State Cooperative Bank Ltd., Nani Daman will be held on 23rd September 2026 at 10.00 a.m. in the Bank's Conference Hall at its Nani Daman Branch at H.No.14/54, Dilip Nagar, Nani Daman-396 210 to transact the following items of business. All members are requested to kindly attend the meeting

**AGENDA**

1. To read and confirm the proceedings of the Tenth Annual General Body Meeting held on 29th July 2025.
2. Approval of the long-term perspective plan and the annual operational plan.
3. To consider the audited Balance Sheet and Statement of Accounts for the Financial Year 2025-26, Audit Report, Annual Report and Audit Compliance Report (Audited Balance sheet available on Bank website https://ddscbl.bank.in)
4. Appropriation of Net Profit for the year 2025-26. Creation of Specific Reserve and other funds.
5. Approval of the Annual Budget and Review of Actual Utilisation of Reserves and other Funds.
6. Appointment of Statutory Auditor for conducting the Statutory Audit of the Bank for the Financial Year 2026-27 and fix their remuneration as may be advised by the RBI.
7. Declaration of Dividend to the shareholders for FY 2025-26.
8. Any other matter that may be laid with the permission of the Chair.

Place: Nani Daman By Order of the Administrator

**Dated: 09th September 2026**

N.B. In case there is no quorum till 10.00 a.m. on the scheduled date for AGM, then the meeting shall stand adjourned. The adjourned meeting shall be held at 11 .00 a.m. on the same day or on such date, time and place as may be decided by the Administrator.


## दीव में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव, 9 सितंबर। प्रशासन के राजभाषा विभाग द्वारा 1 सितंबर से 11 सितंबर 2026 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी के प्रति जागरूकता एवं राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक हिंदी श्रुतलेखन प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पणी एवं आलेखन प्रतियोगिता, हिंदी निबंध प्रतियोगिता तथा हिंदी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा चुका है। इसी क्रम में आज 9 सितंबर को शिक्षा विभाग द्वारा दीव के समग्र शिक्षा सभागार में हिंदी देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप समाहर्ता दीव शिवम मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्रशासन के कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात राजभाषा विभाग के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक शंकर सिन्हा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न हिंदी गीत प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से पूरा सभागार देशभक्ति के वातावरण से गूंज उठा। इसके साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा बताया गया कि हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आगामी 11 सितंबर को शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा सभागार में हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। राजभाषा विभाग ने सभी प्रतिभागियों से हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने वाले सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे 11 सितंबर 2026 को प्रातः 9:00 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएँ।

स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)